**प्री–बोर्ड परीक्षा – 2021–22**
**कक्षा–10वीं**
**विषय–हिन्दी**

**समय–3 घण्टा** **पूर्णांक– 80**

**निर्देश** 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्र. 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिनके लिए 1 × 32 = 32 अंक निर्धारित है.
3. प्रश्न क्र. 06 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। शब्द सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्र. 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। शब्द सीमा 75 शब्द है।
5. प्रश्न क्र. 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। शब्द सीमा 120 शब्द है।

**1. सही विकल्प चुनकर लिखिए–** (1X6=6)

i. भक्तिकाल की समय सीमा है–
(अ) संवत् 1050 से संवत् 1375 (स) संवत् 1700 से संवत् 1900
(ब) संवत् 1375 से संवत् 1700 (द) संवत् 1900 से अब तक

ii. 'रामचरितमानस' की भाषा है –
(अ) ब्रज (स) बुन्देली (ब) अवधी (द) मालवी

iii. रौद्र रस का स्थायी भाव होगा–
(अ) उत्साह (स) क्रोध (ब) हँसी (द) विस्मय

iv. नेता जी की मूर्ति लगवाई गई थी–
(अ) वन विभाग द्वारा (स) नगर–निगम द्वारा
(ब) नगर पालिका द्वारा (द) शिक्षा विभाग द्वारा

v. 'चिकित्सालय' का समास विग्रह होगा–
(अ) चिकित्सा पर आलस (स) चिकित्सा के लिए आलय
(ब) चिकित्सा का आलय (द) चिकित्सा से आलय

vi. साँप निकलने पर डरकर भागे भोलानाथ आकर छिपे–
(अ) घर के कमरे में (स) बैठक के कोने में
(ब) पिताजी की गोद में (द) मईया के आँचल में

**2. रिक्त स्थान में सही विकल्प चुनकर लिखिए–** (1X7=7)

i. विदा के समय माँ को अपनी बेटी ................पूंजी प्रतीत हो रही थी। (अंतिम, संचित)
ii. काव्य की शोभा बढ़ाने वाले धर्म——————कहलाते हैं। (छंद / अलंकार)
iii. 'रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यम्'——————की परिभाषा है– (आचार्य विश्वनाथ भरतमुनि)
iv. आत्मकथा में लेखक ............ के जीवन का वर्णन करता है। ( स्वयं अन्य )
v. 'यथाशक्ति' में .................. समास होता है। (द्विगु / अव्ययीभाव)
vi. कभी–कभी ................ हमसे कुश्ती भी लड़ते। (बाबूजी / पिताजी)
vii. हिरोशिमा ........... में है। (जापान / अमेरिका)

**3. सही जोड़ियां बनाकर लिखिए–** (1X6=6)

| | (अ) | | | (ब) |
|---|---|---|---|---|
| i. | 'छाया मत छूना' | – | (क) | मन्नू भंडारी |
| ii. | 'पृथ्वीराज रासो' | – | (ख) | महाकाव्य |
| iii. | 'एक कहानी यह भी' | – | (ग) | इच्छावाचक वाक्य |
| iv. | ईश्वर करे, तुम पास हो जाओ | – | (घ) | बिना मेहनत के लाभ प्राप्त करना |
| v. | नौ दो ग्यारह होना | – | (ङ.) | शिवपूजन सहाय |
| vi. | 'माता का अँचल' | – | (च) | गिरिजा कुमार माथुर |

**4. एक वाक्य में उत्तर लिखिए–** (1X7=7)

i. विश्व के सकल जन कैसे हो रहे हैं ?

ii. तृप्त धरा का सांकेतिक अर्थ क्या है ?

iii. वर्ण, मात्रा, यति, आदि से नियोजित शब्द रचना को क्या कहते हैं ?

iv. चौपाई छंद में कुल कितनी मात्राएँ होती हैं ?

v. नेताजी की मूर्ति कितनी ऊँची थी?

vi. उपासना करने वाला क्या कहलाता है?

vii. हिन्दी का पहला आंचलिक उपन्यास कौन सा माना जाताा है ?

**5. सत्य/असत्य लिखिए–** (1X6=6)

i. राजा का धर्म है कि प्रजा को ना सताए।

ii. खण्डकाव्य मुक्तक काव्य का एक भेदहै।

iii. कहानी उपन्यास की अपेक्षा छोटी होती है।

iv. प्राचीन भारत में स्त्रियाँ अत्यंत विदुषी थीं।

v. 'सिद्धार्थ स्वस्थ है।' विधि वाचक वाक्य है।

vi. तारकेश्वरनाथ ही भोलनाथ थे ।

6. छायावाद की दो विशेषताएँ लिखिए। 2

अथवा भक्तिकाल की दो विशेषताएँ लिखिए।

7. महाकवि सूरदास का साहित्य में स्थान निर्धारित कीजिए। 2

अथवा गोस्वामी तुलसीदास की दो रचनाओं के नाम एवं काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।

8. कवि निराला की आँख फागुन की सुंदरता से क्यों नहीं हट रही है ? 2

अथवा 'आग से रोटियाँ सेंकने के लिए माँ ने बेटी को सचेत करना क्यों जरूरी समझा ?

9. महाकाव्य की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

अथवा छन्द किसे कहते हैं ? छन्द के प्रकार लिखिए।

10. 'आख्यानक गीतियाँ' से क्या तात्पर्य है? उदाहरण सहित लिखिए। 2

अथवा 'पाठ्य मुक्तक काव्य' से क्या आशय हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।

11. कोई दो उपन्यास के नाम एवं उनके लेखकों के नाम लिखिए। 2

अथवा किन्हीं दो कहानीकारों के नाम एवं उनकी दो–दो कहानियों के नाम लिखिए।

12. रामवृक्ष बेनीपुरी के साहित्य की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 2

अथवा मन्नू भंडारी के साहित्य की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

13. बालगोबिन भगत की कबीर पर श्रद्धा किन–किन रूपों में प्रकट हुई है ? 2

अथवा वास्तविक अर्थों में 'संस्कृत व्यक्ति' किसे कहा जा सकता है ?

14. 'निपात शब्द' की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

अथवा 'समास' की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

15. जार्ज पंचम की लाट की नाक लगने वाली खबर के दिन अखबार चुप क्यों थें ? 2

अथवा लेखक अज्ञेय ने अपने आपको हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया ?

16. मात्रिक छन्द एवं वार्णिक छन्द में अन्तर लिखिए। 3

अथवा संचारी भाव एवं स्थायी भाव में अन्तर लिखिए।

17. विज्ञापन लेखन व सूचना लेखन में कोई तीन अन्तर लिखिए। 3

अथवा लोकोक्ति व मुहावरे में कोई तीन अन्तर लिखिए।

18. निम्नलिखित अपठित गद्यांश/काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 3

देश प्रेम में आत्म विस्तार का भाव निहित है। जिस भाव के अंतर्गत व्यक्ति परिवार और समाज़ की परिधि से भी आगे अपने देश के प्रति अपना लगाव अनुभव करने लगता है, उस भाव को देश प्रेम के अंतर्गत परिगणित किया जाता है। देश प्रेम में देश की रक्षा और देश के विकास को महत्व दिए जाने के साथ देश के प्रति पूज्य भाव का संचार भी सन्निहित होता है। जब तक व्यक्ति देश को अपना आराध्य नहीं बनाता, तब तक देश के प्रति समर्पण का भाव भी उसमें जाग्रत नहीं होता।

प्रश्न :–

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) देश के प्रति समर्पण का भाव कब जाग्रत होता है?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

**अथवा**

पूर्व चलने के बटोही,
बाट की पहचान कर ले।
पुस्तकों में है नहीं
छापी गयी इनकी कहानी,
हाल इनका ज्ञात होता
है न औरों की जवानी,
अनगिनत राही गए इस
राह से, उनका पता क्या
पर गए कुछ लोग इस पर
छोड़ पैरों की निशानी।

**प्रश्न:–**

(i) उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) चलने के पूर्व बटोही को क्या करना चाहिए?

(iii) उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

19. आपके विद्यालय में मनाए जाने वाले सांस्कृतिक समारोह पर एक अनुच्छेद लिखिए। 3

अथवा पुराने समय में स्त्री शिक्षा संबंधी बातों के बारे में अपनी दादी/नानी या माँ से हुई बातचीत/संवाद को लिखिए।

**20.** **निम्नलिखित पद्यांश का संदर्भ–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए।** **4**

छाया मत छूना
मन, होगा दुख दूना।
जीवन में हैं सुरंग सुधियाँ सुहावनी
छवियों की चित्र–गंध फैली मनभावनी;
तन–सुगंध शेष रहीं, बीत गई यामिनी,
कुंतल के फूलों की याद बनी चाँदनी।
भूली–सी एक छुअन बनता हर जीवित क्षण

अथवा

उधौ, तुम हौ अति बड़ भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहित मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यौं डाल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।
प्रीति–नदी मैं पाऊँ न बोर ,दृष्टि न रूप परागी।
'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी।

**21.** निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए– **4**

बड़े शोक की बात है, आजकल भी ऐसे लोग विद्यमान हैं जो स्त्रियों को पढ़ाना उनके और गृह–सुख के नाश का कारण समझते हैं और लोग भी ऐसे–वैसे नहीं, सुशिक्षित लोग–ऐसे लोग जिन्होंने बड़े–बड़े स्कूलों और शायद कॉलिजों में भी शिक्षा पाई है, जो धर्म–शास्त्र और संस्कृत के ग्रंथ साहित्य से परिचय रखते हैं, और जिनका पेशा कुशिक्षितों को सुशिक्षित करना, कुमार्गगामियों को सुमार्गगामी बनाना और अधार्मिकों को धर्मत्व समझाना हैं।

अथवा मूर्ति संगमरमर की थी। टोपी की नोक से कोट के दूसरे बटन तक कोई दो फुट ऊँची। जिसे कहते हैं बस्ट। और सुंदर थी। नेताजी सुंदर लग रहे थे। कुछ–कुछ मासूम और कमसिन। फौजी वर्दी में। मूर्ति को देखते ही 'दिल्ली चलो' और 'तुम मुझे खून दो ...................... वगैरह याद आने लगते थे। इस दृष्टि से यह सफल और सराहनीय प्रयास था।

**22.** सचिव , माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल को कक्षा 10 वी अंकसूची की द्वितीय प्रति मँगवाने हेतु आवेदन पत्र लिखिए। **4**

अथवा गर्मियों की छुट्टी में ऐतिहासिक स्थल के भ्रमण पर जाने हेतु 500 रूपये मँगवाने हेतु पिताजी को पत्र लिखिए।

**23.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए :– **4**

**1.** पर्यावरण का महत्त्व **2.** कम्प्यूटर की हमारे जीवन में उपयोगिता

**3.** हमारे राष्ट्रीय पर्व **4.** स्त्री शिक्षा का महत्त्व **5.** इन्टरनेट से लाभ व हानि